उपायुक्त की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित

देवघर (आससे)। जिलावासियों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान से संबंधित, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, पेंशन, आवास से जुड़े मामलों को उपायुक्त के समक्ष रखा। साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। वहीं जनता दरबार के दौरान राशन कार्ड में नाम जोड़ने, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, पेंशन एवं राजस्व से संबंधित मामलों को ऑन स्पॉट निराकरण संबंधित विभाग द्वारा किया गया। इसके अलावा जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने हुसैनाबाद आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन प्रक्रिया में अनियमितता के आरोप से जुड़े मामले को संज्ञान में लेते हुए उप विकास आयुक्त को मामले की जांच करने का निर्देश दिया, ताकि आंगनवाड़ी केंद्र के सुचारू संचालन और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए किसी स्थानीय और योग्य उम्मीदवार का चयन किया जा सके। आगे उपायुक्त ने जिला शिक्षा कार्यालय से संबंधित जलालुद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति पर बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराने और राशन डीलरशिप दिलवाने का झांसा देकर पैसे ठगने से जुड़े मामले में संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन सौपने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जनता दरबार के दौरान आए मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर रेखा देवी को राशन कार्ड और आयुष्मान भारत कार्ड से जोड़ा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए। जनता दरबार के दौरान बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने विद्युत विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बिजली बिल से जुड़ी सभी समस्याओं का ससमय (समय पर) निवारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को बेवजह परेशानी न उठानी पड़े। आगे उपायुक्त ने बाल संरक्षण और विकास से जुड़े आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई को सक्रिय होकर योजना के लाभ से बच्चें को जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि चिन्हित और जरूरतमंद बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा जाए, ताकि उनकी शिक्षा और भरण-पोषण में कोई बाधा न आए। आगे अतिक्रमण से जुड़े मामलें को संज्ञान में लेते हुए अंचलों में सरकारी और गैर-मजरूआ जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर जमीन अतिक्रमण से जुड़े मामलों में तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए और सरकारी भूमि को मुक्त कराया जाए। इसके साथ ही, उपायुक्त ने आम जनता और विभिन्न संस्थाओं से प्राप्त शिकायतों व ज्ञापनों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित सुनवाई करते हुए मामलों का निष्पादन करने को कहा गया है। लापरवाही बरतने वाले या मामलों को लंबित रखने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश जारी



देवघर (आससे)। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी श्री सौरव कुमार के निर्देशानुसार जानकारी दी गई है कि जिले के देवघर व मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत दिनांक-01.11.2026 को झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 का आयोजन के सफल एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन हेतु विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 06 से 08) प्रथम पाली (पूर्वा0 09:30 से 12:00 बजे) तक एवं प्राथमिक स्तर (कक्षा 01 से 05) द्वितीय पाली (अप0 02:00 से 04:30 बजे) तक संचालित की जा रही है। देवघर अनुमंडल अन्तर्गत झारखण्ड शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2026 के लिए कुल-35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। वही मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत कुल-10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा उक्त अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखने एवं परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु देवघर व मधुपुर अनुमण्डल अंतर्गत नीचे लिखे परीक्षा केन्द्रों पर 500 गज की परिधि के अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 (द0प्र0सं0 की धारा 144) के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त पारित आदेश के अंतर्गत 05 या 05 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित नहीं रहेंगे। कोई भी व्यक्ति घातक हथियार एवं अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे। परीक्षा केन्द्र के परिधि में अनावश्यक रूप से कोई भी व्यक्ति नहीं घुमेंगे और न ही अनाधिकृत रूप से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेगें, उनका प्रवेश पुरी तरह से वर्जित रहेगा। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति/व्यक्तियों को परीक्षा केन्द्र के परिधि में इलेक्ट्रोनिक्स डिभाईस जैसे:-मोबाईल फोन, कैमरा, स्मार्ट वॉच आदि को प्रयोग में नहीं लायेगें, जिससे कि परीक्षा के संचालन में कोई व्यवधान उत्पन्न हो। निषेधाज्ञा के अवधि में परीक्षा केन्द्र के आस-पास यदि कोई सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन होता है, तो ऐसी परिस्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा अथवा इसके प्रयोग के लिए अधोहस्ताक्षरी से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। परीक्षा केन्द्र के आस-पास के भवनों में यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधि में लिप्त रहने अथवा किसी को लाभ पहुँचाने की स्थिति में पाये जाने पर विधि-सम्मत् कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उक्त आदेश दिनांक-01.11.2026 के प्रात: 06:00 बजे से संध्या 06:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। उक्त पारित आदेश का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शव यात्रा, अस्पताल, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थी एवं परीक्षा केन्द्र में कार्यरत कर्मियों/पदाधिकारियों/ दण्डाधिकारियों पर यह आदेश प्रभावी नहीं रहेगा।

दो वाहनों से 1200 लीटर स्प्रीट के साथ दो गिरफ्तार

देवघर (आससे)। रात्रि समय करीब 23.30 बजे सूचना मिली कि गिरीडीह जमुआ के तरफ से सफेद रंग का दो बोलेरो वाहन जिसका रजिस्ट्रैशन न0-1. JH04E 4414 एवं 2. JH15E 7080 में स्प्रीट (जो नकली शराब बनाने के उपयोग में लाया जाता हैं) लोड करके देवीपुर थाना अंतर्गत हथवारी ग्राम कि ओर ले जाने वाला हैं। इस सूचना पर करीब 00.30 बजे तिलैया मोड़ पहुंचकर सशस्त्र बल के साथ मिलकर वाहनो का चेकिंग करने लगा वाहन चेकिंग के क्रम में समय करीब 01.20 बजे मध्य रात्रि में दो बोलेरो वाहन गिरीडीह जमुआ की तरफ से काफी तेजी से आते हुए दिखाई दिया, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से टोर्च की रोशनी से दोनो बोलेरो वाहन को रोकने का इशारा किया। लेकिन उक्त दोनो बोलेरो वाहन के चालक द्वारा बहुत तेजी से दोनों वोलेरो वाहन को चलाते हुए देवीपुर की ओर भागने लगा। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पीछा करते हुए खदेड़कर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़ाये दोनों व्यक्तियो से कड़ाई से नाम पता पुछने पर दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम 1. अकबर अली, उम्र- 42 वर्ष, पिता मो0 कलीम शेख, ग्राम-लालगढ़, थाना- मधुपुर, जिला देवघर तथा 2. दिवाली राय, उम्र 26 वर्ष, पिता स्व0 लक्ष्मण राय, ग्राम-सुग्गापाहड़ी, थाना- बुदेई, जिला- देवघर बताया तथा भागे हुए व्यक्ति का नाम पता पूछने पर भागे हुए व्यक्ति का नाम 3. मन्टु यादव, उम्र करीब 31 वर्ष, पिता सकलदेव महतो, ग्राम- हथवारी, थाना- देवीपुर, जिला- देवघर बताया। दोनो बोलेरो वाहन का नम्बर क्रमश: 1. JH04E 4414 2. JH15E 7080 अंकित पाया। उक्त दोनो बोलेरो वाहन का बारी-बारी से गहनता से जांच किया तो पाया कि बोलेरो रजिस्ट्रेशन न0- 1. JH04E 4414 में 10 प्लास्टिक गेलेन में भरा हुआ प्रति गैलन 40 लीटर का नकली शराब बनाने वाला स्प्रिंट करीब 400 लीटर तथा 2. बोलेरो रजिस्ट्रेशन न0 JH15E 7080 में 20 प्लास्टिक गैलन में भरा हुआ प्रति गैलन 40 लीटर नकली शराब बनाने वाला स्प्रिट करीब 800 लीटर पाया। उक्त दोनों बोलेरो वाहन में नकली शराब बनाने वाला स्प्रिट कुल-1200 लिटर करीब पाया गया। तत्पश्चात उक्त तीनों प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध बुदेई थाना काण्ड सं0-49/26 धारा 274/ 275 BNS-2023 एवं 47 (a) /4l (b)/ 4l(d)/55 झारखण्ड उत्पाद अधि. पंजीकृत किया गया।

विविधता में एकता का प्रतीक और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि

देवघर (आससे)। भारत विविधताओं का देश है। यहाँ विभिन्न धर्मों, जातियों, भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के लोग आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ निवास करते हैं। इसी अद्वितीय विविधता को एक सूत्र में पिरोने और देश की अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हर वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने कहा- राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि भारत के इतिहास के सबसे महान निर्माताओं में से एक, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को समर्पित है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत कई रियासतों और टुकड़ों में बंटा हुआ था। ब्रिटिश हुकूमत ने जाते-जाते देशी रियासतों को यह विकल्प दे दिया था कि वे चाहें तो भारत में शामिल हों, पाकिस्तान में जाएं या स्वतंत्र रहें। यदि उस समय दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय न दिया जाता, तो आज का भारत नक्शे पर कुछ और ही दिखाई देता। उन्होंने अपनी अद्भुत कूटनीति, राजनीतिक कौशल और अटूट दृढ़ संकल्प के बल पर 565 से अधिक देशी रियासतों का भारतीय संघ में शांतिपूर्ण विलय कराया। जूनागढ़, हैदराबाद और कश्मीर जैसी जटिल रियासतों को भारत का अभिन्न अंग बनाने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। इसी असाधारण कार्य के कारण उन्हें भारत का बिस्मार्क और लौह पुरुष कहा जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें उनके इसी ऐतिहासिक योगदान की याद दिलाता है। आज के समय में जब देश और दुनिया के सामने कई तरह की आंतरिक और बाहरी चुनौतियाँ हैं, तब राष्ट्रीय एकता का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। क्षेत्रीय और भाषाई संकुचितता से ऊपर उठना देश की तरक्की के लिए यह आवश्यक है कि हम भाषा, जाति या क्षेत्र विशेष के भेदभाव को भूलकर खुद को पहले भारतीय समझें। अखंडता और संप्रभुता की रक्षा जब नागरिक एकजुट होते हैं, तो देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होती है और कोई बाहरी ताकत देश को नुकसान पहुँचाने का दुस्साहस नहीं कर सकती। जब समाज में शांति और एकता होगी, तभी देश आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ सकेगा। इस दिन देश भर में राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आयोजनों का आयोजन किया जाता है। इस दिन की सबसे बड़ी विशेषता रन फॉर यूनिटी है। इसमें देश के आम नागरिकों से लेकर, छात्र, युवा, खिलाड़ी और बड़े नेता तक बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह दौड़ हमें साथ मिलकर आगे बढ़ने का संदेश देती है। स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में लोगों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने की शपथ दिलाई जाती है। गुजरात के केवड़िया में नर्मदा नदी के तट पर स्थित सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा स्टैचू ऑफ़ यूनिटी इस दिन का मुख्य आकर्षण होती है। यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है, जो भारत की एकता और शक्ति का प्रतीक बन चुकी है। राष्ट्रीय एकता दिवस केवल सरकार या किसी एक संगठन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हर भारतवासी का व्यक्तिगत दायित्व है। विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें अपने दैनिक जीवन में ऐसी किसी भी बात या विचारधारा को बढ़ावा नहीं देना चाहिए जो समाज को विभाजित करती हो। जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना ही सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अखंड भारत का निर्माण ही सरदार पटेल का सपना था। आइए, इस राष्ट्रीय एकता दिवस पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हम देश की एकता, अखंडता और भाईचारे की रक्षा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे।



वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं, कावो देवी पति फूलिन राम ग्राम लक्ष्मीनिया वार्ड नं 10 पंचायत घोड़दौड़ पो.पहाड़पुर थाना बनमा ईटहरी जिला सहरसा शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरे आधार में मेरा नाम कावो देवी पति फूलिन राम है, जबकि घोड़दौड़ स्थित एसबीआई में मेरे खाता 32459860762 में मेरा नाम पाबो देवी पति फूलिन देवी दर्ज हो गया है। मैं अपने आधार में दर्ज सही नाम के अनुसार बैंक खाता में दर्ज करने हेतु शपथ पत्र बनाया हूं। शपथ पत्र सं. 1673 दि. 24.10.26

शपथ पत्र

मैं, रोहित कुमार यादव (ROHIT KUMAR YADAV) उर्फ शत्रुघ्न कुमार (SHATRUGHAN KUMAR) उम्र करीब 34 वर्ष पुत्र दशरथ यादव जन्म तिथि 7-7-1992, निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर देवरिया टेकनवास रिविलगंज जिला सारण बिहार शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड नं.-724089832852 एवं पैन कार्ड तथा वोटर कार्ड में में मेरा नाम शत्रुध्न कुमार (SHATRUGHAN KUMAR) तथा जन्म तिथि 26.01.1988 दर्ज है। जबकि ग्राम पंचायत टेकनवास के अधिकृत पदाधिकारी द्वारा दिनांक 8.10.2026 को निर्गत किये गये जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम रोहित कुमार यादव (ROHIT KUMAR YADAV) तथा मेरा जन्म तिथि 7-7-1992 दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम मेरा है. जन्म प्रमाण पत्र में दिये गये विवरण के अनुसार सभी प्रमाण पत्रों में सुधार के लिए यह शपथ पत्र है. 2313/30-10-26

9/506/26

शपथ पत्र

मैं, J.C. 355976H Rank NB SUB (ORL) अमरनाथ राय उम्र 57 वर्ष पिता स्व.सुभाग राय ग्राम पहिंया पो.वो थाना रिविलगंज जिला सारण बिहार 841305, शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे सर्विस बुक मे मेरी पुत्री Anjali Kumari जन्म तिथि 18-04-2000, Rajnandani Kumari जन्म तिथि 10-01-2006 एवं पुत्र Shivam Kumar जन्मतिथि 29-01-2008, Adarsh Kumar जन्म तिथि 03-01-2014 दर्ज है, जो गलत है, जबकि मेरे पुत्र एवं पुत्री का सही जन्म तिथि-Anjali Kumari जन्म तिथि 2-1-2000, Rajnandani Kumari जन्म तिथि 20-01-2009 एवं पुत्र Shivam Kumar जन्म तिथि 29-07-2012, Adarsh Kumar जन्म तिथि 3-2-2017 हैं, जो उसके आधार कार्ड में दर्ज हैं, मेरे सर्विस बुक में सही जन्म तिथि सुधारने के लिए यह शपथ पत्र है, शपथ पत्र संख्या-2291/28-10-26

/506/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

शपथ पत्र

मैं, Sister Framcis Xavier C/o Selma निवास त्रिपोलिया हॉस्पीटल के नजदीक, गुलजारबाग थाना-आलमगंज जिला-पटना शपथ पत्र सं. 7538 ता. 30. 10.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि Sister Francis Xavier और Sister Xavier दोनों नाम मेरा ही है। अब मैं सभी कार्यों के लिए Sister Francis Xavier के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

NAME CHANGE

I, GUDIA KUMARI D/o RAJARAM VERMA W/o ANKIT KUMAR, R/o Madhura West Ward No 14, Narpatganj, PO: Narpatganj, DIST: Araria, Bihar - 854335, have changed my name and shall hereafter be known as KUMARI PUJA.

NAME CHANGE

I, VIKAS KUMAR YADAV alias VIKAS KUMAR S/o BIRENDRA NATH YADAV, R/o Chatara, Akhatwara, Anchal Gaura Bauram, Akhtwara, PO: Kothram, DIST: Darbhanga, Bihar - 847203, have changed my name and shall hereafter be known as VIKAS KUMAR.

NAME CHANGE

I, RAJEEV RANJAN S/o RAJESHWAR PRASAD , R/o Sriram Nagar korai Post-Deepnagar, Dist. Nalanda, Bihar-803111, have changed the name of my minor daughter TEJASWANI alias TEJASWANI MAURYA, aged 11 years and she shall hereafter be known as TEJASWANI MAURYA.

CHANGE OF NAME

I,Soraiya Pravin W/o-Mohammad Saulat Hussain, Resident of At+Post-Hussaina, Ps-Ballia,Dist-Begusarai do hereby declare that I have changed my Daughter's name from Old Name Miswah Hussain to new Correct Name Misbah Hussain and henceforth she shall be known as New Correct Name Misbah Hussain in all purpose, vide affidavit no-17579,Dated-28/10/2026.

Affidavit

I, Sister Francis Xavier C/o Selma R/o Near Tripolia Hospital Gulzarbagh P.S.-Alamganj Distt.-Patna vide Affidavit No. 7538 date 30.10.26 declare that Sister Francis Xavier and Sister Xavier both name are same and one person. Now I will be known as Sister Francis Xavier for all purposes.

CM-6973

नाम परिवर्तन

मैं, अंकिता ठाकुर, पिता-श्री विनोद कुमार, पता-सहरसा गंगजला, पो.+थाना-सहरसा, जिला-सहरसा, पिन कोड-852201, बिहार वर्तमान पता अम्बे श्री अपार्टमेंट, फ्लैट नं.-04, ब्लॉक-सी, देवनगर, रूकनपुरा, पो.-बी.भी. कॉलेज, थाना-रूपसपुर, जिला-पटना-800014 (बिहार) द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम गलती से विनोद ठाकुर अंकित हो गया है। परन्तु मेरे आधार सं. 901379653416 में मेरे पिता का नाम (Vinod Kumar) विनोद कुमार सही अंकित है। शपथ पत्र सं. 6315 दिनांक 27.10.2026 के आलोक में मैं अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र में पिता का सही नाम विनोद कुमार (Vinod Kumar) को कराने हेतु प्रकाशन करा रही हूं। यही सभी कार्य में मान्य होगा।

CM-6975

Name Change

I, Ankita Thakur D/o Vinod Kumar R/o Saharsa Gangla P.O.+P.S.-Saharsa, Distt.-Saharsa, Pin No.-852201, Bihar, Present Adress Amby Shree Apartment Flat No.-04, Block-C Devnagar, Rukanpura, P.O.-B.V. College, P.S.-Rupaspur, Patna-800014 (Bihar) Affidavit No.-6315 dated 27.10.2026 declare that my Aadhar No.-901379653416 in my Father correct name Vinod Kumar and my education certificate in my Father name Vinod Thakur is wrong. correct name my father Vinod Kumar. I will be known as Vinod Kumar for all purposes.

CM-6975

सुहागिनों ने आस्था के साथ रखा करवा चौथ का व्रत

कौआकोल (नवादा) (संसू)। गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ रखा। इस अवसर पर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुटी रहीं। पारंपरिक परिधानों और सोलह शृंगार से सजी महिलाओं ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की।

द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

देवघर (आससे)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में परिसदन के सभागार में भारत की जनगणना, 2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को त्रुटिहीन और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना है। इसके अलावा प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और राष्ट्रव्यापी कार्य है। इसके आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का निर्धारण होता है। उन्होंने सभी अधिकारियों और तकनीकी सहायकों को निर्देश दिया कि वे प्रशिक्षण की हर बिंदु को गंभीरता से समझें ताकि फील्ड में काम करते समय किसी भी प्रकार की तकनीकी या व्यावहारिक समस्या न आए। आगे उन्होंने सभी स्तर के प्रभारियों को आपस में बेहतर समन्वय बनाकर ससमय कार्य पूरा करने की बात कही, जिससे जनगणना का यह द्वितीय चरण पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न हो सके। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए जिला, अनुमंडल, शहर और चार्ज स्तर पर प्रतिनियुक्त जनगणना पदाधिकारियों तथा तकनीकी सहायकों के लिए यह विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आज दिनांक 30.10.2026 से शुरू होकर दिनांक 03.11.2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान सभी मास्टर ट्रेनर्स और अधिकारियों को प्रगणन कार्य से जुड़ी तकनीकी व व्यावहारिक बारीकियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से उपस्थित केंद्रीय प्रशिक्षक की टीम ने उपस्थित अधिकारियों और तकनीकी सहायकों को जनगणना से संबंधित तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। केंद्रीय टीम ने प्रगणन कार्य को सटीकता से पूरा करने, डेटा एंट्री के डिजिटल माध्यमों और फील्ड वर्क के दौरान ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त श्री पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त सुश्री सुलोचना मीना, केंद्रीय प्रशिक्षक टीम, सभी प्रखंडो के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी जनगणना पदाधिकारी, सभी तकनीकी सहायक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी व संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार

हिसुआ (नवादा) (संसू)। थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी रोड में स्वर्ण व्यवसायी से हुई लूट और फायरिंग की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब हो कि 06 अक्टूबर को शाम करीब 7:00 बजे कचहरी रोड में अज्ञात अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था और विरोध करने पर फायरिंग भी की थी। इस संबंध में पीड़ित प्रमोद कुमार पिता दशरथ प्रसाद सूड़ी टोला गौसिया स्थान, हिसुआ निवासी के लिखित आवेदन पर हिसुआ थाना कांड संख्या-567/26, दिनांक-08 अक्टूबर को, धारा-309(4) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2, नवादा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में थानाध्यक्ष हिसुआ, डीआईयू टीम नवादा एवं अन्य पदाधिकारियों को शामिल किया गया। तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की गई। 28 अक्टूबर को छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों को न्यायालय में अग्रसारित किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विकास साव उर्फ दुन्नू, उम्र-करीब 35 वर्ष पिता सुरेश साव हिसुआ तेली टोला एवं चंदन कुमार पिता विरेन्द्र प्रसाद हिसुआ राजगीर रोड हिसुआ निवासी बताया गया। अपराधिक मामलों में आरोपी था संलिप्त ~विकास साव का नगर थाना कांड संख्या-853/20, 17.09.2020, धारा-379/511 भादवि 02. SPL SC/ST (POA) JUDGE NAWADA, C.N-xww/v}, SPL SC/ST-18/18 वहीं चंदन कुमार का हिसुआ थाना कांड संख्या-657/24, 01.11.2024, धारा-303(2)/317(2) बीएनएस 02. सीतामढ़ी थाना कांड संख्या-74/26, 05.07.2026, धारा-310(2) बीएनएस दर्ज है। पुलिस ने इनके पास से दो बाइक, दो देशी कट्टा, 1100/- रुपया नगद दु दो मोबाईल बरामद किया है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, डीआईयू टीम नवादा, पु.अ.नि. परदेशी कुमार, पु.अ.नि. संदीप कुमार राय, सिपाही श्याम पासवान, मनीष कुमार, कुमारी कंचन कली शामिल थी।

नीरज कुमार की जीत पर बांटी मिठाई

नवादा। पटना स्नातक चुनाव में नीरज कुमार को चौथीबार जीत पर नारदीगंज में पार्टी के कार्यकर्ता समर्थको ने खुशी जाहिर किया। आपस में सभी एक दूसरे को मिठाई खिलाएं एवं नीरज कुमार के ऐतिहासिक जीत पर सभी ने माननीय नीरज कुमार जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, निशांत कुमार, संजय झा एवं पार्टी के सभी नेताओं को बधाई दिए पार्टी कार्यकर्ता जिला महासचिव प्रिया रंजन सिंह, विनय कुमार, प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा, प्रखंड कार्यकारणी के सदस्य अनीश कुमार आदि ने बधाई दिए।

जिला स्तरीय किसान मेला सह-प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

नवादा। कृषि विभाग, नवादा के तत्वावधान में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा), नवादा द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, नवादा अजीत प्रकाश ने किया। मेला जिला कृषि प्रक्षेत्र, शोभिया, नवादा में आयोजित किया जा रहा है, जो 30 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। मेले में जिले के सभी 14 प्रखंडों के प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। किसानों द्वारा उन्नत कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। कृषि एवं संबद्ध विभागों के स्टॉल के माध्यम से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, अनुदान तथा आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक रविकांत चौबे एवं अगंद कुमार ने किसानों को रबी फसलों की उन्नत खेती, कीट-व्याधि प्रबंधन तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। सिरदला प्रखंड के युवा किसान अनुराग कुमार ने फसल विविधीकरण के अंतर्गत समेकित कृषि प्रणाली एवं मल्टीलेयर फार्मिंग की जानकारी दी। वहीं, रोह प्रखंड के युवा किसान श्री गुरु सरंग ने बकरी पालन के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारी कार्यों एवं अपने अनुभवों को साझा किया।

जिला पदाधिकारी ने जिलास्तरीय युवा उत्सव का किया शुभारंभ

नवादा। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार तथा जिला प्रशासन, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का शुभारंभ केएलएस कॉलेज, नवादा स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह उत्सव 29 एवं 30 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले के युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा कला, संगीत एवं अन्य प्रदर्शन कलाओं को प्रोत्साहित करना है। महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 29.10.2026 को समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जबकि 30.10.2026 को नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि गायन, नृत्य, संगीत सहित विभिन्न कलाएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कला एवं संस्कृति न केवल हमारी परंपराओं और विरासत को संरक्षित करती हैं, बल्कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सामने लाने में भी सहायक होती हैं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें उचित अवसर, मार्गदर्शन एवं मंच उपलब्ध कराया जाए। जिला स्तरीय युवा उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और अपनी कला को नई पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कला के क्षेत्र में भी बेहतर करियर निर्माण की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं। गायन, नृत्य, संगीत, चित्रकला, नाटक एवं अन्य रचनात्मक विधाओं में प्रतिभाशाली युवा अपनी रुचि और कौशल के बल पर न केवल अपनी अलग पहचान बना सकते हैं, बल्कि रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यकता है कि युवा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयास करें और उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा कलाकारों को पेंशन प्रदान करने की योजना संचालित की जा रही है। जिले में विभिन्न कलाकारों को भी पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है इससे कलाकारों को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ कला एवं संस्कृति के संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों में छिपी कलात्मक प्रतिभा को पहचानें तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।